असाइनमेंट विषय :- हिंदी कक्षा :- चौथी शिक्षिका :- श्रीमती इंदरजीत कौर / जितेंद्र कौर

नाम :- ________________ सेक्शन :- _________ रोल नंबर :- ________ दिनांक :- /01/2022

पाठ-12

तेनालीराम की चतुराई

शब्द-अर्थ

लगाव- प्रेम होना

आदेश - कुछ करने के लिए कहना

अतिरिक्त - अलावा

पुरस्कार - इनाम

उपवन - बगीचा

रक्षक - रक्षा करने वाला

प्रतीक्षा - इंतज़ार

भय- डर

दंड - सजा

निश्चित- तय करना

अविश्वसनीय -विश्वास न करने योग्य

शीघ्र-जल्दी

मौखिक प्रश्न- उत्तर

(क) विजयनगर के शासक कौन थे?

उत्तर विजयनगर के शासक राजा कृष्णदेव राय थे।

(ख) राजा कृष्णदेव राय को किससे लगाव था?

उत्तर राजा कृष्णदेव राय को फूलों से लगाव था।

(ग) जल मंत्री ने माली को क्या देने के लिए कहा?

उत्तर जल मंत्री ने माली को पुरस्कार देने के लिए कहा।

लिखित प्रश्न- उत्तर

(क) राजा कृष्णदेव राय ने पूरे राज्य में क्या लगाने का आदेश दिया?

उत्तर राजा कृष्णदेव राय ने पूरे राज्य में रंग-बिरंगे और तरह-तरह के फूल लगाने का आदेश दिया।

(ख) जल मंत्री ने कृष्णदेव राय को किसकी सुंदरता के बारे में बताया?

उत्तर जल मंत्री ने कृष्णदेव राय को इंद्रधनुषी गुलाब की सुंदरता के बारे में बताया।

(ग) 'इंद्रधनुषी गुलाब' से मंत्री का क्या मतलब था?

उत्तर 'इंद्रधनुषी गुलाब' से मंत्री का मतलब था कि सातों रंग एक ही गुलाब में है।

(घ) राजा कृष्णदेव राय किस के साथ इंद्रधनुषी गुलाब देखने पहुँचे?

उत्तर राजा कृष्णदेव राय अपने सभी मंत्रियों के साथ अनोखा गुलाब देखने पहुँचे।

(ङ) तेनालीराम ने कैसे सिद्ध किया कि फूल पर रंग किए गए हैं?

उत्तर तेनालीराम ने जल का डोल उठाकर सारा पानी फूल पर डाल दिया जिससे सारा रंग धुलकर बह गया।

प्रश्न 2 सही (✓)अथवा गलत(✗) का निशान लगाइए।

(क) तेनालीराम विजयनगर के शासक थे। ✗

(ख) कृष्णदेव राय को फूलों से बहुत लगाव था। ✓

(ग) महाराज तेनालीराम के साथ गुलाब देखने पहुँचे। ✗

(घ) तेनालीराम ने जल का डोल उठाकर फूल पर डाल दिया। ✓

(ड़) महाराज ने तेनालीराम को राज्य से निकाल दिया। ✗

भाषा -ज्ञान

प्रश्न 1 प्रत्येक पंक्ति में उस शब्द पर (√)का निशान लगाइए जो पर्यायवाची नहीं है।

(क)	फूल	-	सुमन	पुष्प	गुलाब ✓
(ख)	बगीचा	-	बीज ✓	उपवन	वाटिका
(ग)	जल	-	पानी	डोल ✓	नीर
(घ)	पुरस्कार	-	दंड ✓	इनाम	भेंट

प्रश्न 2 विलोम शब्द लिखिए।

राजा	×	रंक	सुंदर	×	असुंदर
रक्षक	×	भक्षक	विश्वसनीय	×	अविश्वसनीय
पुरस्कार	×	दंड	शीघ्र	×	विलंब
निश्चित	×	अनिश्चित	नकली	×	असली

प्रश्न 3 नीचे दिए शब्दों में भाववाचक संज्ञाओ पर(√) लगाइए।

हरियाली	रंग	ऊँचाई ✓
बुढ़ापा ✓	सुंदरता ✓	राज्य
उपवन	खुशी ✓	फूल

प्रश्न 4 नीचे दिए मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए।

(क) चेहरा पीला पड़ना - बहुत डर जाना

वाक्य -पुलिस को देखकर चोर का चेहरा पीला पड़ गया।

(ख) पीठ ठोकना - शाबाशी देना

वाक्य - कक्षा में प्रथम आने पर अध्यापक ने मेरी पीठ थपथपाई।

(ग) चकमा देना -धोखा देना

वाक्य -चोर पुलिस को चकमा देकर भाग गया।

(घ) विस्मित होना -हैरान रह जाना

वाक्य -ताजमहल देखकर विदेशी विस्मित रह जाते हैं।

प्रश्न5 दिए गए वाक्यों में सही सर्वनाम शब्द लिखिए।

(क) **उन्हें** फूलों से बहुत लगा था। (उन्हें/ तुम)

(ख) **मैं** पहले बगीचे के रक्षक से बात कर लूँ। (मुझे /मैं)

(ग) **वे** बार-बार उस गुलाब को देख रहे थे। (मैं / वे)

(घ) **तुम** ऐसा कैसे कह सकते हो? (तुम /उस)

(ड़) **तुमने** एक बार फिर हमें धोखे से बचा लिया। (मैं /तुमने)